**भारत सरकार**
**संचार मंत्रालय**
**दूरसंचार विभाग**
**लोक सभा**

**तारांकित प्रश्न सं. *217**
**उत्तर देने की तारीख 21 दिसम्बर, 2022**

**4जी नेटवर्क से वंचित जिले**

***217. श्री रवि किशन:**
**श्री रविन्दर कुशवाहा:**

क्या **संचार मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या देश के कई जिले अब भी 4जी नेटवर्क से वंचित हैं;
(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ग) उत्तर प्रदेश सहित अन्य राज्यों में 4जी नेटवर्क से वंचित जिलों की संख्या कितनी है; और
(घ) उक्त वंचित जिलों और गांवों तक 4जी सेवाएं कब तक पूरी तरह से पहुंच जाएंगी?

**उत्तर**

**रेल, संचार एवं इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री**
**(श्री अश्विनी वैष्णव)**

(क) से (घ) विवरण सदन के पटल पर रख दिया गया है।

जारी.......2/

**"4जी नेटवर्क से वंचित जिले" के संबंध में दिनांक 21 दिसंबर 2022 को लोकसभा में पूछे जाने वाले तारांकित प्रश्न संख्या *217 के भाग (क) से (घ) के संबंध में लोकसभा के पटल पर रखा जाने वाला विवरण**

(क) से (ग) दूरसंचार सेवा प्रदाताओं (टीएसपी), दूरसंचार विभाग की फील्ड इकाई और राज्य सरकार से मार्च 2022 तक उपलब्ध कराए गए आंकड़ों के अनुसार देश में 6,44,131 गांवों में से (गांवों की संख्या नवंबर 2019 तक भारत के महापंजीयक के आंकड़ों के अनुसार है) लगभग 5,98,951 (93%) गांवों में 4जी मोबाइल नेटवर्क उपलब्ध है और 45,180 गांवों में 4जी मोबाइल कवरेज उपलब्ध नहीं है। उत्तर प्रदेश राज्य में 1,05,531 गावों में से लगभग 1,05,146 (99%) गांवों में 4जी मोबाइल नेटवर्क कवरेज उपलब्ध है। राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार ब्यौरा अनुलग्नक-I में दिया गया है।

(घ) सरकार और दूरसंचार सेवा प्रदाता (टीएसपी) देश में चरणबद्ध तरीके से दूरसंचार क्नेक्टिविटी उपलब्ध करवाते हैं। सरकार सार्वभौमिक सेवा दायित्व निधि (यूएसओएफ) के माध्यम से वित्तपोषण करके देश के मोबाइल नेटवर्क क्नेक्टिविटी से वंचित सभी गावों में मोबाइल नेटवर्क कवरेज उपलब्ध करवाने के लिए विभिन्न स्कीमों का कार्यान्वयन कर रही है। 4जी मोबाइल कवरेज प्रदान करने के लिए मुख्य यूएसओएफ स्कीमें निम्नानुसार हैं:

- देश में सेवा से वंचित गांवों में 4जी मोबाइल सेवाओं का सचुरेशन। परियोजना की अनुमानित लागत 26,316 करोड़ रूपये है।
- वामपंथी उग्रवाद (एलडब्ल्यूई) प्रभावित क्षेत्र चरण-II में 4जी मोबाइल सेवाओं का प्रावधान करना। परियोजना की अनुमानित लागत 2211 करोड़ रुपये है।
- वामपंथी उग्रवाद (एलडब्ल्यूई) प्रभावित क्षेत्र चरण-I के सभी स्थलों को 2जी से 4जी मोबाइल प्रौद्योगिकी में उन्नयन करना। परियोजना की अनुमानित लागत 2425 करोड़ रुपये है।
- पूर्वोत्तर क्षेत्रों के लिए व्यापक दूरसंचार विकास कार्यक्रम के तहत देश के पूर्वोत्तर क्षेत्र में 4जी मोबाइल सेवाओं का प्रावधान करना। स्कीमों की अनुमानित लागत रु. 3637 करोड़ रूपये है।
- आकांक्षी जिलों के 7,287 गांवों (आंध्र प्रदेश, छत्तीसगढ़, झारखंड, महाराष्ट्र और ओडिशा) में 4जी मोबाइल कनेक्टिविटी का प्रावधान करना और चार राज्यों (अर्थात् उत्तर प्रदेश, बिहार, मध्य प्रदेश और राजस्थान) में आकांक्षी जिलों के सेवा से वंचित 502 गांवों में 4जी मोबाइल कनेक्टिविटी का प्रावधान करना। परियोजनाओं की अनुमानित लागत 7152 करोड़ रुपये है।
- जम्मू और कश्मीर, लद्दाख, हिमाचल प्रदेश, उत्तर प्रदेश, बिहार, राजस्थान, गुजरात, उत्तराखंड, सीमा क्षेत्र और अन्य प्राथमिकता वाले क्षेत्रों के सेवा से वंचित 354 गांवों में 4जी मोबाइल कनेक्टिविटी का प्रावधान करना। परियोजना की अनुमानित लागत 337 करोड़ रुपये है।
- अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह के दूरसंचार सेवा से वंचित 85 गांवों में 4जी मोबाइल कवरेज और एनएच 223 पर निर्बाध 4जी मोबाइल कवरेज का प्रावधान करना। परियोजना की अनुमानित लागत 130 करोड़ रुपये है।

जारी.....3/

**अनुलग्नक-I**

**माननीय सांसदों द्वारा "4जी नेटवर्क से वंचित जिले" के संबंध में दिनांक 21 दिसंबर 2022 को लोकसभा में पूछे जाने वाले तारांकित प्रश्न संख्या *217 के उत्तर के भाग (क) से (ग) में उल्लिखित अनुलग्नक**

देश के गांवों में 4जी कवरेज की राज्य/संघ राज्य क्षेत्र -वार स्थिति (मार्च 2022 तक) निम्नानुसार है:

| क्र.सं. | राज्य/संघ राज्य क्षेत्र का नाम | आरजीआई डेटा के अनुसार गांवों की कुल संख्या (दिनांक 30-11-2019) | 4जी से कवर किए गए गांवों की संख्या | 4जी कवरेज से वंचित गांवों की संख्या |
|---|---|---|---|---|
| 1 | अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह | 559 | 105 | 454 |
| 2 | आंध्र प्रदेश | 17328 | 14159 | 3169 |
| 3 | अरुणाचल प्रदेश | 5993 | 2262 | 3731 |
| 4 | असम | 26429 | 24223 | 2206 |
| 5 | बिहार | 44888 | 44575 | 313 |
| 6 | छत्तीसगढ | 20072 | 17482 | 2590 |
| 7 | चंडीगढ़ | लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं |
| 8 | दादरा और नगर हवेली और दमन और दीव | 95 | 62 | 33 |
| 9 | गोवा | 392 | 342 | 50 |
| 10 | गुजरात | 18425 | 17604 | 821 |
| 1 1 | हरियाणा | 6640 | 6629 | 1 1 |
| 12 | हिमाचल प्रदेश | 20852 | 18970 | 1882 |
| 13 | जम्मू और कश्मीर | 6474 | 5643 | 831 |
| 14 | झारखंड | 32370 | 30050 | 2320 |
| 15 | कर्नाटक | 29818 | 28634 | 1184 |
| 16 | केरल | 1438 | 1358 | 80 |
| 17 | लद्दाख | 243 | 92 | 151 |
| 18 | लक्षद्वीप | 27 | 10 | 17 |
| 19 | मध्य प्रदेश | 55058 | 51818 | 3240 |
| 20 | महाराष्ट्र | 43931 | 40138 | 3793 |
| 21 | मणिपुर | 2612 | 2069 | 543 |
| 22 | मेघालय | 7100 | 4580 | 2520 |
| 23 | मिजोरम | 867 | 618 | 249 |
| 24 | नागालैंड | 1535 | 1073 | 462 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 25 | राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली | 55 | 55 | 0 |
| 26 | ओडिशा | 51176 | 43584 | 7592 |
| 27 | पुदुचेरी | 96 | 95 | 1 |
| 28 | पंजाब | 12534 | 12519 | 15 |
| 29 | राजस्थान | 46077 | 42343 | 3734 |
| 30 | सिक्किम | 461 | 157 | 304 |
| 31 | तमिलनाडु | 16488 | 15916 | 572 |
| 32 | तेलंगाना | 10203 | 9951 | 252 |
| 33 | त्रिपुरा | 937 | 638 | 299 |
| 34 | उत्तर प्रदेश | 105531 | 105146 | 385 |
| 35 | उत्तराखंड | 16456 | 15215 | 1241 |
| 36 | पश्चिम बंगाल | 40971 | 40836 | 135 |
| **कुल** | | **644131** | **598951** | **45180** |

*****